सांवली सूरत ने तेरी घनश्याम दीवाना बना दिया

सांवली सूरत ने तेरी घनश्याम दीवाना बना दिया
कजरारे नैनो में खो गई मस्ताना है बना दिया
सांवली सूरत ने तेरी घनश्याम दीवाना बना दिया

मोटे मोटे नैनो ने सांवरिया जादू कर डाला,
बांकी छटा तेरी चितवन सी सब कोही मोहित कर डाला
तेरे प्रेम में पागल हो गई मस्ताना है बना दिया

धुन मुरली की तेरी कान्हा दिल घ्याल कर जाती है,
जब जब याद सताती है असुवन की झड़ी लगाती है
सुध बुध खो गई वनवारी हो गई मस्ताना है बना दिया
सांवली सूरत ने तेरी घनश्याम दीवाना बना दिया

रूप सलोना अनुपम झांकी मेरे कुञ्ज बिहारी की
नजर उतारू सांवरिया की मैं अपने गिरधारी की
नागर श्याम की किरपा हो गई मस्ताना है बना दिया
सांवली सूरत ने तेरी घनश्याम दीवाना बना दिया

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/19516/title/sanwali-surat-ne-teri-ghshyam-deewana-bina-diya

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |